हरिभूमि
# सीहोर भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, सोमवार 13 अप्रैल 2026

06 जनगणना 2027: कर्मचारियों का प्रशिक्षण जारी...



09 समाजसेवी सुरेश गिरी के सेवा संकल्प से महका कन्या...





## खबर संक्षेप

### शासकीय ज्ञानोदय आवासीय विद्यालय की प्रवेश परीक्षा 19 को

**सीहोर।** अनुसूचित जाति कल्याण विभाग द्वारा संचालित शासकीय ज्ञानोदय आवासीय विद्यालय भोपाल में शैक्षणिक सत्र 2026-27 में कक्षा छठवीं में प्रवेश के लिए 129 विद्यार्थियों द्वारा ऑनलाइन आवेदन किया गया है। प्रवेश के लिए ऑफलाईन प्रवेश परीक्षा 19 अप्रैल 2026 को प्रातः 10.00 बजे से 1.00 तक सीहोर के माता शबरी शासकीय कन्या शिक्षा परिसर में आयोजित की जाएगी। सीहोर जिले के विद्यार्थियों का परीक्षा केन्द्र माता शबरी शासकीय कन्या शिक्षा परिसर ही निर्धारित किया गया है।

### जिला स्तरीय सतर्कता व मॉनिटरिंग समिति की बैठक 13 अप्रैल को

**सीहोर।** कलेक्टर बालागुरू के. के निर्देशानुसार 13 अप्रैल को शाम 5:15 बजे कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में अत्याचार निवारण अधिनियम के तहत जिला स्तरीय सतर्कता एवं मॉनिटरिंग समिति की बैठक आयोजित की जाएगी।

### छात्रवृत्ति योजना के लिए आवेदन आमंत्रित

**सीहोर।** जनजातीय कार्य विभाग द्वारा मध्यप्रदेश के अनुसूचित जनजाति वर्ग के अभ्यर्थियों को विदेश अध्ययन छात्रवृत्ति योजना के लिये आवेदन निर्धारित प्रारूप में आमंत्रित किये गए हैं। विदेश में उच्च शिक्षा, शोध उपाधि उपरान्त अध्ययन, पीएचडी एवं स्नातकोत्तर करने के लिए चयनित अभ्यार्थियों को छात्रवृत्ति प्रदान की जाएगी। छात्रवृत्ति के लिए स्लॉटों की संख्या 50 निर्धारित की गई है। आवेदन पत्र का प्रारूप एवं विस्तृत जानकारी जनजातीय कार्य विभाग की वेबसाइट पर उपलब्ध है। योजना अंतर्गत अभ्यार्थियों का चयन वर्तमान प्रचलित योजना के नियमों में प्रावधान अनुसार किया जायेगा। अधिक जानकारी के लिए जनजातीय कार्य विभाग की वेबसाइट पर अथवा भोपाल स्थित जनजातीय कार्य आयुक्त के कार्यालय में संपर्क किया जा सकता है।

### सीहोर में रोजगार मेला 16 अप्रैल को

**सीहोर।** युवाओं को रोजगार एवं स्वरोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के लिए 16 अप्रैल को प्रातः 11 बजे सीहोर के पीएम कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस में युवा संगम रोजगार, स्वरोजगार एवं अप्रेन्टिसशिप मेला आयोजित किया जाएगा। रोजगार मेले में रोजगार विभाग द्वारा स्थानीय, प्रदेश एवं अन्य राज्यों की कंपनियों को आमंत्रित कर युवाओं को रोजगार प्रदान किया जायेगा। रोजगार में मेले में लगभग 11 कंपनियों द्वारा 1400 से अधिक पदों पर युवाओं की भर्ती की जाएगी।

## मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने सवा करोड़ से अधिक लाड़ली बहनों के खाते में अंतरित की 1836 करोड़ रुपए से अधिक की राशि

# बेटियों और बहनों के विकास से ही होगा प्रदेश का समग्र विकास: मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव

### मुख्यमंत्री ने आष्टा में 184 करोड़ रुपए से अधिक के विकास एवं निर्माण कार्यों का किया लोकार्पण एवं भूमिपूजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा






मुख्यमंत्री डॉ यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में नारी सशक्तिकरण के इतिहास में पहली बार महिलाओं को लोकसभा एवं विधानसभाओं में 33 प्रतिशत आरक्षण मिलने वाला है। जो महिला सशक्तिकरण और नीति निर्माण में महिलाओं की भागीदारी की ओर एक महत्वपूर्ण उपलब्धि होगी। उन्होंने कहा कि भारत माता और सभी बहनों के प्रति सम्मान की भावना के कारण हमारी भारतीय संस्कृति पूरी दुनिया में हजारों वर्षों से जानी जाती है। हमारे देश में माताओं और बहनों की देवी की तरह पूजा की जाती है। रक्षाबंधन तो साल में एक बार आता है, पर हर महीने लाड़ली बहनों का इस प्रकार आशीर्वाद मिलना भी रक्षाबंधन से कम नहीं, यह हमें दुगुनी ऊर्जा के साथ कार्य करने की क्षमता देता है। इस अवसर उन्होंने बाबा साहब डॉ भीमराव अंबेडकर का स्मरण करते हुए कहा कि डॉ अंबेडकर ने हमारे देश को लोकतंत्र और सामाजिक समरसता के साथ-साथ संविधान तो दिया ही, अपितु उन्होंने बहनों की शिक्षा को भी अत्यधिक महत्व दिया। मुख्यमंत्री डॉ यादव आष्टा में आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे।

मुख्यमंत्री डॉ यादव ने कहा कि महिला सशक्तिकरण के लिए हमारी सरकार निरंतर कार्य कर रही है। 05 लाख से अधिक स्वयं सहायता समूहों के माध्यम से प्रदेश की 65 लाख बहनें आर्थिक रूप से समृद्ध हुई हैं। इसमें 12 लाख से अधिक तो लखपति दीदियां हैं। सीहोर जिले में 9,477 स्वयं सहायता समूह संचालित हो रहे हैं, जिनमें एक लाख से ज्यादा दीदियां हैं।

मुख्यमंत्री डॉ यादव ने कहा कि अब बच्चे प्राइवेट स्कूलों को छोड़कर शासकीय स्कूलों में प्रवेश ले रहे हैं, यह मजबूत होती शिक्षा व्यवस्था को दर्शाता है। हमारी सरकार बच्चों को निःशुल्क शिक्षा के साथ किताबें, गणवेश, साइकिल सहित सभी आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध करा रही है। इतना ही नहीं बल्कि हायर सेकेंडरी में 75 प्रतिशत से अधिक अंक लाने वाले बच्चों को उच्च शिक्षा के लिए प्रोत्साहित करने के लिए लैपटॉप भी दिए जा रहे हैं। इसके साथ ही अपने स्कूल में टॉप करने वाले बच्चों को स्कूटी दी जा रही है।

**दो किलोमीटर लंबे रोड शो में उमड़ा जनसैलाब :** आष्टा नगर ने मुख्यमंत्री का जोरदार स्वागत किया गया। मुख्यमंत्री ने नागरिकों का अभिवादन स्वीकार करते हुए सभी का हृदय से आभार व्यक्त किया। करीब दो किलोमीटर लंबे रोड शो के दौरान शहर की सड़कों पर जनसैलाब उमड़ पड़ा। जगह-जगह नागरिकों द्वारा लगातार पुष्प वर्षा की गई, फूल मालाओं से मुख्यमंत्री का स्वागत किया गया।

**आष्टा के संदीपनी स्कूल में बच्चों से मिले मुख्यमंत्री डॉ यादव :** मुख्यमंत्री डॉ यादव ने आष्टा में 61 करोड़ रूपये लागत के तथा जावर में 39 करोड़ 54 लाख रूपये लागत से नवनिर्मित सांदीपनि विद्यालय भवन का लोकार्पण किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री डॉ यादव ने आष्टा संदीपनी स्कूल में विद्यार्थियों को नए भवन की सौगात मिलने पर बधाई देते हुए उनसे चर्चा की और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के लिए आधुनिक सुविधाओं से युक्त ऐसे विद्यालय महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। मुख्यमंत्री डॉ यादव ने कक्षा 11वीं तथा 12वीं के छात्र-छात्राओं से विभिन्न विषयों पर चर्चा करते हुए कई प्रश्न पूछे। उन्होंने छात्रों से पूछा- कौन डॉक्टर बनेगा, कौन शिक्षक बनेगा, कौन इंजीनियर बनेगा, कौन अपना उद्योग लगाएगा और कौन राजनीति में आएगा। उन्होंने कहा कि विभिन्न क्षेत्रों में करियर बनाने के साथ-साथ बच्चों को राजनीति में भी आना चाहिए। उन्होंने कहा कि भविष्य में देश का नेतृत्व उन्हें ही करना है।



### सवा करोड़ से अधिक बहनों के खाते में 1836 करोड़ से अधिक की राशि अंतरित

मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने आष्टा में आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम में प्रदेश की एक करोड़ 25 लाख से अधिक लाड़ली बहनों के खाते में योजना की 35वीं किश्त के रूप में 1836 करोड़ रुपये से अधिक की राशि अंतरित की। इसके साथ ही उन्होंने सीहोर जिले की 2,40,287 लाड़ली बहनों के खाते में 35 करोड़ 39 लाख 32 हजार 500 रुपये की राशि अंतरित की। इस अवसर मुख्यमंत्री डॉ यादव ने 184 करोड़ 92 लाख रुपये लागत के विकास एवं निर्माण कार्यों का लोकार्पण एवं भूमिपूजन किया। इन कार्यों में 115 करोड़ 32 लाख रुपये के कार्यों का लोकार्पण एवं 69 करोड़ 60 लाख रुपये के कार्यों का भूमिपूजन शामिल है। इस अवसर पर उन्होंने अनेक योजनाओं के हितग्राहियों को हितलाभ भी वितरित किए।

### आष्टा में खुलेगा आईटीआई और जावर में विज्ञान संकाय कॉलेज

आष्टा विधायक गोपाल सिंह इंजीनियर की मांग पर मुख्यमंत्री डॉ यादव ने आष्टा के लिए अनेक विकास कार्यों की घोषणाएं कीं। उन्होंने आष्टा में आईटीआई खोलने, जूनियर बालिका छात्रावास भवन, क्षतिग्रस्त गवाखेडा वेस्टवियर नहर सुधार के लिए एस्टीमेट, भोपाल नाका से कन्नौद रोड तक नगर सीमा में चौड़ीकरण, डिवाइडर निर्माण, नाला निर्माण, ड्रेनेज और स्ट्रीट लाइटिंग, जावर नगर परिषद की सीमा से जैन धर्मशाला जावर तक रोड चौड़ीकरण, डिवाइडर, लाइटिंग, सौंदर्यीकरण कार्य, जिला स्तरीय उत्कृष्ट अनुसूचित जाति बालक छात्रावास में सीट वृद्धि, अनुसूचित जाति कन्या महाविद्यालय में छात्रावास निर्माण, कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय आष्टा के लिए नवीन भवन निर्माण, जावर में विज्ञान संकाय शासकीय महाविद्यालय खोलने, गुराडिया खुर्द बैराज निर्माण, दूधी नदी पर भाउखेड़ा-अतरलिया बैराज निर्माण, मनीरामपुर में नहर निर्माण, गीता भवन और प्रधानमंत्री आवास कॉलोनी संपूर्ण विद्युतीकरण कार्य की घोषणा की।

# हाउसिंग बोर्ड ओवरब्रिज विवाद, रहवासियों ने पूछा- साहब! पहले अवैध दीवार तो हटाओ, यातायात की जल्दी क्यों?



हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

हाउसिंग बोर्ड स्थित रेलवे गेट नंबर 104 पर बन रहा ओवरब्रिज अब विवादों के घेरे में आ गया है। ब्रिज कॉर्पोरेशन और ठेकेदार द्वारा आनन-फानन में निर्माण पूरा कर यातायात शुरू करने की कोशिशों का स्थानीय रहवासियों ने कड़ा विरोध किया है। रहवासियों का आरोप है कि प्रशासन नियमों को ताक पर रखकर काम कर रहा है और उनकी वाजिब आपत्तियों का निराकरण नहीं किया जा रहा है। वरिष्ठ नागरिक फोरम (सीनियर सिटीजन फोरम) के माध्यम से रहवासियों ने शिकायत की है कि हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी की तरफ जहां ब्रिज का अंतिम छोर उतर रहा है, वहां एक निजी भू-स्वामी ने दीवार खड़ी कर दी है। इस दीवार के कारण ब्रिज की चौड़ाई कम हो गई है। चौंकाने वाली बात यह है कि प्रशासन पूरी जमीन के सीमांकन के बजाय केवल उतनी ही जमीन का अधिग्रहण करने की तैयारी में है, जो ब्रिज के उतार के लिए जरूरी है, जबकि रहवासी भविष्य की सुरक्षा के लिए अतिरिक्त भूमि अधिग्रहण और सर्विस रोड की मांग कर रहे हैं।

### प्रशासन की कार्यप्रणाली पर खड़े हुए सवाल

रहवासियों ने कलेक्टर को सौंपे आपत्ति पत्र में कई कानूनी खामियों की ओर इशारा किया है, जिसमें बिना सर्वे नंबर और खसरे की स्थिति स्पष्ट किए भू-अर्जन की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है, जो विधि विरुद्ध है।

राज्य मार्ग क्रमांक 26 पर नियमतः मार्ग के मध्य से दोनों ओर 15-15 मीटर (कुल 30 मीटर) की चौड़ाई होनी चाहिए, जो वर्तमान में नहीं मिल रही है। लोक निर्माण सेतु संभाग की प्रशासकीय स्वीकृति में ब्रिज के दोनों तरफ सर्विस रोड का प्रावधान है, लेकिन ठेकेदार द्वारा भोपाल रोड की ओर उतरते समय लेफ्ट साइड में सर्विस रोड का निर्माण नहीं किया जा रहा है।

### कलेक्टर से की गई ये मुख्य मांगें

- श्यामा प्रसाद मुखर्जी नगर, संतोष नगर और रेलवे लाइन की शासकीय भूमि का संपूर्ण सीमांकन हो।
- ब्रिज के दोनों तरफ सर्विस रोड का निर्माण अनिवार्य रूप से किया जाए।
- केवल ब्रिज निर्माण तक की भूमि नहीं, बल्कि आवश्यक चौड़ाई के लिए पूरी भूमि का अधिग्रहण हो।

### काला दिवस मनाने की चेतावनी

रहवासियों की सुविधा के लिए माननीय उच्च न्यायालय जबलपुर में जनहित याचिका भी दायर की गई है। रहवासियों का स्पष्ट कहना है कि यदि उनकी मांगों को पूरा किए बिना ब्रिज शुरू किया गया तो वे उग्र आंदोलन करेंगे। इतना ही नहीं समिति ने घोषणा की है कि जिस दिन अधूरा काम छोडक़र ब्रिज का उद्घाटन होगा, उस दिन को रहवासी 'काला दिवस' के रूप में मनाएंगे।

### 3 साल से फरार इनामी हत्यारोपी गिरफ्तार

**सीहोर।** पुलिस ने हत्या के एक मामले में तीन साल से फरार चल रहे 10 हजार रुपए के इनामी आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी अनिल भिलाला को रविवार को उसके पैतृक गांव धामनखेड़ा से घेराबंदी कर पकड़ा गया। वह 2023 से पुलिस को चकमा दे रहा था। यह घटना 8 मार्च 2023 की है। आरोपी अनिल भिलाला ने अपने साथियों के साथ मिलकर धामनखेड़ा निवासी संतोष की हत्या कर दी थी। वारदात के बाद से ही अनिल फरार चल रहा था। पुलिस ने उस पर हत्या (धारा 302) सहित अन्य गंभीर धाराओं में मामला दर्ज किया था। लंबे समय तक आरोपी की गिरफ्तारी न होने पर पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार शुक्ला ने उस पर 10,000 रुपए का इनाम घोषित किया था। कोतवाली पुलिस ने देवास और धामनखेड़ा में मुखबिरों को सक्रिय किया था। पुलिस को सूचना मिली कि आरोपी अपने गांव आने वाला है। इस सूचना पर थाना प्रभारी रवींद्र यादव के नेतृत्व में एक टीम ने जाल बिछाया। जैसे ही आरोपी गांव में दाखिल हुआ, पुलिस ने उसे दबोच लिया।

# गगन जन सेवा समिति ने किया स्वास्थ्य शिविर का आयोजन



**सीहोर।** गगन जन सेवा समिति द्वारा इंद्रा नगर स्थित मरी माता मंदिर परिसर में एक निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का सफल आयोजन किया गया। इस शिविर में विभिन्न विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा मरीजों की जांच एवं उपचार किया गया, जिससे क्षेत्र के अनेक लोगों को लाभ प्राप्त हुआ।

शिविर में नाक, कान एवं गला रोग विशेषज्ञ डॉ. एल. एन. नामदेव द्वारा ईएनटी संबंधी समस्याओं का उपचार किया गया। दंत चिकित्सा सेवाओं के अंतर्गत डॉ. गगन नामदेव, डॉ. शिक्षा मिश्रा एवं डॉ. शुभम नामदेव ने मरीजों की जांच कर आवश्यक परामर्श दिया। नेत्र परीक्षण हेतु सेवा सदन की टीम ने अपनी सेवाएं प्रदान कीं, वहीं होम्योपैथिक चिकित्सा के अंतर्गत डॉ. मनोज सक्सेना द्वारा मरीजों का उपचार किया गया। शिविर में लगभग 150 से अधिक मरीजों का उपचार किया गया तथा उन्हें आवश्यक दवाइयां भी वितरित की गईं। साथ ही, 16 ज़रूरतमंद मरीजों को चश्मे वितरित किए गए।

समिति के पदाधिकारियों ने बताया कि ऐसे स्वास्थ्य शिविरों का उद्देश्य आमजन को निःशुल्क एवं सुलभ स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराना है। शिविर के सफल आयोजन में समिति के सदस्यों एवं स्थानीय नागरिकों का महत्वपूर्ण सहयोग रहा।

## मान्यता: बारिश के चार महीनों में अच्छी बारिश होने की संभावना

# मानसून के शुभ संकेत: आवासीय खेलकूद संस्थान के मैदान पर टिटहरी ने दिए चार अंडे

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



भीषण गर्मी और बढ़ते तापमान के बीच शहरवासियों के लिए प्रकृति ने एक बेहद सुखद संकेत दिया है। जिला मुख्यालय स्थित आवासीय खेलकूद संस्थान के मैदान पर रविवार को टिटहरी के चार अंडे देखे गए। लोक मान्यताओं के अनुसार टिटहरी को 'मानसून का दूत' माना जाता है, ऐसे में मैदान पर टिटहरी के चार अंडों ने शुभ संकेत दिए हैं। बुजुर्गों ने इसे आने वाले मानसून में खुशहाली का संकेत बताया है।

मान्यताओं के अनुसार टिटहरी द्वारा दिए गए अंडों की संख्या सीधे तौर पर मानसून के महीनों और बारिश से जुड़ी होती है। रविवार को जब लोगों ने मैदान पर चार अंडे देखे तो बुजुर्गों ने अंदाजा लगाया कि इस वर्ष मानसून के चारों महीने (जून, जुलाई, अगस्त और सितंबर) में भरपूर बारिश होगी। माना जाता है कि जितने अंडे, उतने महीने झमाझम बारिश होती है। आवासीय मैदान पर दिए गए इन अंडों की खुशियों को लोगों ने सोशल मीडिया पर भी साझा की है।

### पिछले साल भी पूरा हुआ था कोटा

बता दें बीते वर्ष 2025 की बात करें तो जिले में बारिश की शुरुआत धीमी रही थी, लेकिन अंतिम दौर में हुई धमाकेदार बारिश ने जिले का कोटा पूरा कर दिया था। पिछले साल जिले में औसतन 1180 एमएम बारिश दर्ज की गई थी। आष्टा, बुदनी और इछावर सहित जिला मुख्यालय पर हुई पर्याप्त बारिश के कारण कोलार डैम, जमोनिया तालाब, भगवानपुरा जैसे जलाशय लबालब हो गए थे। अब टिटहरी के इन चार अंडों ने उम्मीद जगाई है कि 2026 में भी जल संकट दूर रहेगा।

### क्या कहती है मान्यता

बुजुर्गों का कहना है कि टिटहरी का ऊंचे स्थान पर अंडे देना अतिवृष्टि की ओर इशारा करता है, जबकि समतल स्थान पर अंडे सामान्य बारिश के संकेत हैं। आवासीय खेलकूद संस्थान के मैदान पर सुरक्षित स्थान पर दिए गए ये अंडे जिले के किसानों के लिए राहत भरी खबर लेकर आए हैं। किसानों का मानना है कि प्रकृति पहले ही आगामी मौसम का आभास कर लेती है और टिटहरी के ये अंडे उसी प्राकृतिक भविष्यवाणी का हिस्सा हैं।

### गर्मी के बीच अच्छी उम्मीद

फिलहाल 12 अप्रैल तक जिले का तापमान 38 डिग्री से 41 डिग्री के बीच पहुंच गया है। चिलचिलाती धूप के कारण छोटे जल स्रोतों का पानी तेजी से सूख रहा है। ऐसे समय में मानसून के इस शुभ संकेत ने लोगों को आने वाले खुशनुमा मौसम की उम्मीद से भर दिया है।

# धूमधाम से मनेगी बाबा साहब की जयंती, विवादों में रहे आईएएस संतोष वर्मा होंगे मुख्य अतिथि

### मेधावी छात्रों का होगा सम्मान

**सीहोर।** संविधान निर्माता भारत रत्न डॉ. बीआर अम्बेडकर की 135वीं जयंती के उपलक्ष्य में आगामी 14 अप्रैल मंगलवार को जिला मुख्यालय पर संयुक्त जयंती उत्सव का आयोजन किया जा रहा है। बहुजन उत्सव समिति द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मध्य प्रदेश कैडर के चर्चित आईएएस अधिकारी और अजाक्स के प्रांताध्यक्ष संतोष वर्मा होंगे।

आयोजन को लेकर जारी पंपलेट के अनुसार कार्यक्रम की शुरुआत सुबह 9 बजे गंज स्थित डॉ. अम्बेडकर पार्क में बुद्ध वंदना के साथ होगी। इसके पश्चात सुबह 10 बजे बाल विहार ग्राउंड से एक रैली निकाली जाएगी, जो शहर के प्रमुख मार्गों से होते हुए कोतवाली चौराहा और फिर मुरली रोड स्थित अम्बेडकर धर्मशाला पहुंचेगी। यहां



एक विशाल जनसभा और सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा साथ ही समाज के मेघावी छात्र-छात्राओं का सम्मान भी होगा।

### मुख्य अतिथि को लेकर चर्चाएं तेज

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि आईएएस संतोष वर्मा का नाम एक बार फिर चर्चा का विषय बन गया है। गौरतलब है कि नवंबर 2025 में भोपाल में एक कार्यक्रम के दौरान उनके द्वारा दिए गए 'आरक्षण और विवाह' से संबंधित एक विवादित बयान ने पूरे प्रदेश में राजनीतिक और सामाजिक भूचाल ला दिया था। उनके उस बयान का विरोध सीहोर जिला मुख्यालय पर भी देखने को मिला था, जहां ब्राह्मण समाज के प्रतिनिधिमंडल ने कड़ा विरोध जताते हुए प्रशासन को ज्ञापन सौंपा था। विवादों के बाद यह पहला मौका है जब वे सीहोर में किसी सार्वजनिक मंच को संबोधित करेंगे।

### ये रहेंगे विशिष्ट अतिथि

जारी पंपलेट के अनुसार कार्यक्रम में अजाक्स के प्रांतीय महासचिव ईएमसी अहिरवार और डॉ. ओमप्रकाश धुर्वे विशिष्ट अतिथि के रूप में शामिल होंगे। आयोजन की अध्यक्षता बहुजन उत्सव समिति के मुख्य संरक्षक एडवोकेट कमलेश कुमार करेंगे। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए पूरी टीम जुटी हुई है।

खबर संक्षेप



### जनगणना के लिए प्रगणक व सर्वेक्षकों को दिया प्रशिक्षण

**सीहोर।** कलेक्टर बालागुरू के. के निर्देशानुसार जिले में जनगणना-2027 के प्रथम चरण के अंतर्गत जनगणना कार्य के सफल संपादन के लिए श्यामपुर, बुधनी, दोराहा सहित अनेक स्थानों पर प्रगणक और सर्वेक्षकों का प्रशिक्षण आयोजित किया गया। प्रशिक्षण के दौरान प्रगणक एवं सर्वेक्षकों को जनगणना कार्यों की बारीकियों के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई।

### एमपी टास्क पोर्टल पर पंजीयन अनिवार्य

**सीहोर।** जिले में संचालित अनुसूचित जाति एवं जनजातीय वर्ग के छात्रावास और आश्रमों का MP TAASC मॉड्यूल के माध्यम से संचालन किया जा रहा है। शिक्षण सत्र 2026-27 में जो विद्यार्थी छात्रावास में प्रवेश लेना चाहते है, वे छात्रावास में प्रवेश के पहले अपना प्रोफाइल पंजीयन करा लें, बिना प्रोफाइल पंजीयन के छात्रावास में प्रवेश नहीं दिया जाएगा। पंजीयन के लिए वेबसाईट www.tribal.mp.gov.in पर जाकर नया हितग्राही प्रोफाइल पंजीकरण किया जा सकता है। विद्यार्थी जिस छात्रावास में प्रवेश लेना चाहते है उस छात्रावास से निःशुल्क आवेदन फार्म प्राप्त करें और पूर्ण भरा हुआ आवेदन फार्म आवश्यक दस्तावेजों के साथ (जैसे-जाति प्रमाण पत्र, मूल निवासी समग्र आईडी, आधार नंबर, प्रोफाइल पंजीयन, बैंक खाते की पासबुक, पिछली कक्षा की अंकसूची) छात्रावास में अधीक्षक के पास 30 जून 2026 तक जमा करा सकते है।

### एकलव्य सीहोर ने मास्टर क्लब को 76 रन से हराया

**सीहोर।** शहर के बीएसआई मैदान पर स्व.श्रीराजमल मेवाड़ा पूर्व विधायक की स्मृति में खेली जा रही कारपोरेट क्रिकेट प्रतियोगिता में रविवार को दो मैच खेले गए। इसमें पहले मैच में एकलव्य सीहोर ने मास्टर क्लब को 76 रन से हराया। वहीं एक अन्य मैच में अलअहमद सीनियर क्रिकेट वारियर्स टीम ने डीसीए सीहोर को हराया। पहले बल्लेबाजी करने उतरी एकलव्य टीम ने निर्धारित 20 ओवर में सात विकेट खोकर 215 रन बनाए थे। इसमें आशीष मेवाड़ा ने 28 गेंद पर 51 रन, अमित शर्मा ने 22 गेंद पर 42 रन, मयंक जैन ने 43 रन, नरेन्द्र ने 26 रन, कमलेश पारोचे ने 11 रन की पारी खेली। इधर मास्टर क्लब की ओर से गेंदबाजी करते हुए जीवन बाथम ने दो विकेट, राजीव खरे-रनवीर चौहान ने एक-एक विकेट हासिल किया। वहीं लक्ष्य का पीछा करने उतरी मास्टर क्लब की टीम 17.4 ओवर में ढेर हो गई। उसकी शुरूआत खराब रही।

### जंगल में पानी का संकट गहराया, सूखी टंकियां और पोखर, ग्रामीण इलाकों में जानवरों की बढ़ती आवाजाही से दहशत

# भीषण गर्मी में पानी के लिए वन्यप्राणी गांवों की ओर कर रहे रुख, लापरवाही से बढ़ा खतरा

स्थानीय ग्रामीणों के अनुसार, बीते कुछ दिनों में जंगली जानवरों की गांवों के आसपास आवाजाही काफी बढ़ गई है। रात के समय खेतों और बस्तियों के नजदीक वन्यप्राणियों की मौजूदगी देखी जा रही है, जिससे लोग भयमीत हैं।





हरिभूमि न्यूज ⏭ भैरुंदा

तहसील भैरूंदा क्षेत्र में भीषण गर्मी ने जहां आम जनजीवन को प्रभावित कर दिया है, वहीं अब इसका सीधा असर वन्यप्राणियों पर भी साफ नजर आने लगा है। जंगलों में पानी की उपलब्धता न होने के कारण वन्यजीव प्यास बुझाने के लिए ग्रामीण क्षेत्रों की ओर रुख कर रहे हैं। इससे एक ओर जहां वन्यप्राणियों की जान पर संकट मंडरा रहा है, वहीं दूसरी ओर ग्रामीणों के बीच डर और असुरक्षा का माहौल बनता जा रहा है।

स्थानीय ग्रामीणों के अनुसार, बीते कुछ दिनों में जंगली जानवरों की गांवों के आसपास आवाजाही काफी बढ़ गई है। रात के समय खेतों और बस्तियों के नजदीक वन्यप्राणियों की मौजूदगी देखी जा रही है, जिससे लोग भयभीत हैं। कई स्थानों पर मवेशियों पर हमले की आशंका भी ग्रामीणों को सताने लगी है। गर्मी के इस चरम दौर में जंगलों के नदी,नाले,तालाबों सहित प्राकृतिक जलस्त्रोत पूरी तरह सूख चुके हैं, जिससे वन्यजीवों के सामने जीवन संकट खड़ा हो गया है। हैरानी की बात यह है कि जिम्मेदार वन विभाग ने इस गंभीर स्थिति के बावजूद कोई ठोस कदम नहीं उठाया है। विभाग द्वारा जंगल में कुछ स्थानों पर पोखर और टंकियां तो बनाई गई हैं, लेकिन उनमें पानी की व्यवस्था नहीं की गई है। ये टंकियां सूखी पड़ी हैं, जो विभाग की केवल औपचारिकता पूरी करने की मंशा को दर्शाती हैं। ग्रामीणों का कहना है कि यदि समय रहते पानी की व्यवस्था नहीं की गई, तो वन्यप्राणियों की मौतें होना तय है। साथ ही, गांवों में उनकी बढ़ती मौजूदगी से मानव-वन्यजीव संघर्ष की स्थिति भी उत्पन्न हो सकती है।

ऐसे में प्रशासन और वन विभाग की जिम्मेदारी और भी बढ़ जाती है कि वे तत्काल प्रभाव से जलस्त्रोतों को भरवाएं और नियमित निगरानी सुनिश्चित करें। विशेषज्ञों का मानना है कि गर्मी के मौसम में वन्यप्राणियों के लिए कृत्रिम जलस्त्रोतों की व्यवस्था करना बेहद आवश्यक होता है। पानी की कमी न केवल उनके जीवन के लिए खतरा बनती है, बल्कि उन्हें अपने प्राकृतिक आवास से बाहर निकलने के लिए मजबूर करती है, जिससे कई तरह के जोखिम उत्पन्न होते हैं। अब देखना यह है कि वन विभाग इस गंभीर समस्या को कितनी प्राथमिकता देता है और कब तक ठोस कदम उठाए जाते हैं। फिलहाल, प्यास से बेहाल वन्यप्राणी और डरे हुए ग्रामीण दोनों ही राहत की उम्मीद में हैं।

## 151 पवित्र नदियों के जल से होगा जलाभिषेक नीलकंठ पर संतों ने किया दिव्य अनुष्ठान

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



नगर में 25 अप्रैल से आयोजित होने जा रहे भव्य पंच कुण्डात्मक श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ को लेकर धार्मिक माहौल बनना शुरू हो गया है। इसी क्रम में रविवार को नीलकंठ धाम पर संतों एवं समिति सदस्यों द्वारा विधि-विधान से दिव्य अनुष्ठान संपन्न किया गया।

संत श्री माधव दास महाराज अधिकारी एवं यज्ञाचार्य पंडित कुणाल व्यास के मार्गदर्शन में श्रद्धालुओं ने नर्मदा कलश एवं ध्वज का पूजन किया। इस दौरान सवारी प्रभारी सन्नी राजपाल सरदार ने श्री लक्ष्मी नारायण के जलाभिषेक हेतु पवित्र नदियों के जल से भरे कलशों को रवाना किया।

आयोजन समिति के अनुसार, इस महायज्ञ में देशभर की करीब 151 पवित्र नदियों जिनमें नर्मदा, गंगा, यमुना, अलकनंदा, मंदाकिनी सहित अन्य नदियां शामिल हैं का जल एकत्रित कर भगवान का जलाभिषेक किया जाएगा। इस अवसर पर संत माधव दास महाराज ने कहा कि "जिस जल से हम स्वयं को पवित्र करते हैं, उसकी शुद्धता बनाए रखना हमारा कर्तव्य है। मां नर्मदा हमारी आस्था का केंद्र है, इसे स्वच्छ और अविरल बनाए रखना सभी की जिम्मेदारी है। उन्होंने बताया कि मुख्य यजमान श्रीमती नमिता अखिलेश राय के मार्गदर्शन एवं श्रीश्री 1008 महामंडलेश्वर महंत रामभूषण दास महाराज व महंत राघव दास महाराज के निर्देशन में यह भव्य आयोजन किया जा रहा है। 25 अप्रैल को महाकाल और पुरी की तर्ज पर भव्य सवारी निकाली जाएगी, जिसमें देशभर के नागा साधु, निहंग सिंह और संत-महात्मा शामिल होंगे। बताया गया कि इस आयोजन में 5 हजार से अधिक महिलाएं 151 नदियों के जल से भरे कलश लेकर मंदिर पहुंचेंगी, जो इस आयोजन को और भी भव्य स्वरूप प्रदान करेगा।

वहीं जिला संस्कार मंच के मनोज दीक्षित मामा ने कहा कि इस कलश यात्रा का मुख्य उद्देश्य जल संरक्षण के प्रति जनजागरूकता फैलाना है। उन्होंने लोगों से अपील की कि नदियों में ऐसी पूजन सामग्री प्रवाहित न करें जिससे जल प्रदूषित हो। साथ ही नर्मदा के दोनों तटों पर अधिक से अधिक वृक्षारोपण करने का आह्वान भी किया। आयोजन समिति ने समाज के प्रत्येक वर्ग से इस धार्मिक महायज्ञ में सहभागी बनने की अपील की है।

### जनगणना 2027: कर्मचारियों का प्रशिक्षण जारी, डिजिटल तकनीक पर विशेष जोर



**बुधनी।** जनगणना 2027 के सफल संचालन के लिए कर्मचारियों का प्रशिक्षण कार्यक्रम जारी है। इसमें कुल 190 कर्मचारी भाग ले रहे हैं जिनमें 161 प्रगणक और 29 सुपरवाइजर शामिल हैं। प्रशिक्षण दो चरणों में आयोजित हो रहा है पहले चरण में 81 प्रगणक और 15 सुपरवाइजर को जनगणना प्रक्रिया, डेटा संकलन और डिजिटल माध्यम से जानकारी दर्ज करने का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। कर्मचारियों को मोबाइल ऐप और टैबलेट के जरिए डेटा एंट्री, घर-घर सर्वे और आमजन से संवाद के तरीके सिखाए जा रहे हैं प्रशिक्षकों द्वारा व्यावहारिक अभ्यास भी कराया जा रहा है। रविवार को जिला स्तरीय टीम ने तहसील मुख्यालय पर चल रहे प्रशिक्षण कार्यक्रम का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। अधिकारियों के अनुसार, इस बार जनगणना को अधिक सटीक और पारदर्शी बनाने के लिए डिजिटल तकनीक का विशेष उपयोग किया जा रहा है आगामी चरणों में भी इसी तरह प्रशिक्षण जारी रहेगा।

## 14 अप्रैल को निकालेंगे भव्य अंबेडकर जयंती शोभायात्रा, तैयारियां जोरों पर



**भैरूंदा।** डॉ. भीमराव अंबेडकर जयंती के अवसर पर 14 अप्रैल को नगर में भव्य और आकर्षक शोभायात्रा निकाली जाएगी। प्रतिवर्ष आयोजित होने वाला यह कार्यक्रम इस बार भी खास बनाने के लिए व्यापक स्तर पर तैयारियां की जा रही हैं। बाबा साहब की जिन्दा सेना एवं उनके अनुयायियों द्वारा आयोजित इस आयोजन को लेकर युवाओं में खासा उत्साह देखने को मिल रहा है और नगर का माहौल धीरे-धीरे उत्सवमय होता जा रहा है।

आयोजन समिति के सदस्य संतोष गौर ने बताया कि बाबा साहब ने "सर्वजन हिताय, सर्वजन सुखाय" के सिद्धांत को अपनाते हुए देश को एक मजबूत संविधान दिया, जिसने विविधताओं से भरे भारत को एकता के सूत्र में बांधने का कार्य किया। उन्होंने कहा कि आज भारत की लोकतांत्रिक मजबूती और सामाजिक समरसता का श्रेय बाबा साहब की दूरदर्शी सोच को जाता है।

जयंती के दिन शोभायात्रा इंदौर मार्ग स्थित मोती विहार कॉलोनी से प्रारंभ होकर बाबासाहेब अंबेडकर पार्क (रेस्ट हाउस के पास) में संपन्न होगी। यात्रा में आकर्षक झांकियां, अखाड़ों के प्रदर्शन और सांस्कृतिक कार्यक्रम मुख्य आकर्षण रहेंगे। विभिन्न सामाजिक संगठनों के साथ युवा पारंपरिक वेशभूषा में शामिल होकर आयोजन की शोभा बढ़ाएंगे।

आयोजन समिति ने नगर सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों से अधिक से अधिक संख्या में शामिल होकर कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की है। इस आयोजन को सामाजिक समरसता और संविधान के प्रति सम्मान का प्रतीक बताया जा रहा है।

कार्यक्रम की तैयारियों में जितेंद्र धवन, विवेक दोगने, नितेश पेठारी, राजेश बकोरिया, संजय बकोरिया और शिवनारायण बाकरियां सहित कई समाजसेवी सक्रिय रूप से जुटे हुए हैं।

## ढोल-बाजे, डमरू व नगाड़ा के साथ नगर भ्रमण करेंगे भगवान परशुराम



**सीहोर।** इस वर्ष भी सर्व ब्राम्हण समाज के तत्वाधान में जगत पालक भगवान विष्णु के छठवें अवतार भगवान शिव शक्ति के परम शिष्य चिरंजीवी भगवान परशुराम का जन्मोत्सव श्रद्धा, विश्वास, उत्साह और उमंग के साथ मनाया जाएगा। मिडिया प्रभारी पंडित सुनील शर्मा व प्रियांशु दीक्षित ने बताया की आगामी 20 अप्रैल सोमवार को भगवान परशुराम का अभिषेक व महाआरती व 26 अप्रैल रविवार को भव्य रूप से चल समारोह शोभा यात्रा निकाली जायेगी ।

ब्राह्मण समाज अध्यक्ष पं. दीपक शर्मा ,धर्मशाला अध्यक्ष पं. मनोहर शर्मा,चल समारोह अध्यक्ष पं. राजेश मोहन शर्मा,कार्यकारी अध्यक्ष पं. सुदीप व्यास,ग्रामीण अध्यक्ष पं. महेश दुबे,महामंत्री पं. रमाकांत समाधिया, युवा संघठन अध्यक्ष पं. रजत व्यास,चल समारोह युवा अध्यक्ष पं. तनिश त्यागी, रुपेश तिवारी ने सभी विप्र बंधुओ से अपील की है कि कार्यक्रम में उपस्थित होकर अपनी सहभागिता प्रदान करें।

26 अप्रैल रविवार को भगवान परशुराम चल समारोह शोभा यात्रा ब्राह्मण धर्मशाला खजांची लाइन से शाम 5 बजे शंख ध्वनि से प्रारंभ होगी। चिरंजीवी भगवान परशुरामजी नगर भ्रमण कर भक्तों को आशीर्वाद प्रदान करेंगे। शोभा यात्रा नमक चौराहा, सब्जी मंडी,गाड़ी अड्डा, भगवान परशुराम चौराहा कोतवाली, मेंन रोड, मां कालका मंदिर,पान चौराहा,बड़ा बाजार, अटल चौक, मनकामेश्वर मंदिर से होकर बाल विहार ग्राउंड पहुंचेगी।

शोभा यात्रा में बैंड बाजे,ढोल,नगाड़ा, डमरू चलीत झांकियां अखाड़े आदि मुख्य आकर्षण के केंद्र रहेंगे।

### नौ दिवसीय श्रीराम कथा में मनाया गया भगवान राम का जन्मोत्सव

# भगवान राम का जन्म असुरों का संहार करने के हुआ था:संत उद्धवदास महाराज



हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

शहर के कंचन विहार विश्वनाथपुरी में श्री संकट मोचन हनुमान मंदिर समिति के तत्वाधान में जारी नौ दिवसीय संगीतमय श्रीराम कथा के चौथे दिन प्रभु श्रीराम का जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया। महंत उद्धवदास महाराज ने भगवान राम के जन्म की कथा का श्रवण कराया। प्रभु राम के बाल रूप में जन्म लेते ही अयोध्या में खुशियां छा गईं और पूरे नगर को सजाया गया। कथा सुन रहीं महिलाएं भक्तिभाव से गाते हुए नृत्य करने लगीं। पुरुष और बच्चे भी भक्तिभाव में लीन होकर झूमते और नाचते दिखे। उन्होंने कहाकि भगवान राम का जन्म असुरों का संहार करने के लिए हुआ था।

महंत उद्धवदास ने कहाकि भगवान श्रीराम को भक्ति से पाया जा सकता है। धरती पर अधर्म का बोलबाला होता है तब भगवान का किसी न किसी रूप में अवतार होता है। भगवान चारों दिशाओं में विद्यमान है। इन्हें प्राप्त करने का मार्ग मात्र सच्चे मन की भक्ति ही है। रामचरित्र मानस में ऐसे दो ही पात्र है, जिन्होंने सुख की प्राप्ति हेतु अलग-अलग मार्गों का अनुसरण किया है। यह पात्र है दशानन अर्थात रावण और राजा दशरथ। दशानन का अर्थ है, वह व्यक्ति जो मन के वशीभूत हो दशों इंद्रियों को सांसारिक सुखों की प्राप्ति के लिए लगाकर सदैव प्रयत्नशील रहता हो, वहीं दशरथ वह चरित्र है, जिसने दशों इंद्रियों को जीत लिया हो और जो सदैव ईश्वर की भक्ति में ही तत्पर रहता है। भगवान श्रीराम ने भी राजा दशरथ के यहां पर इसी भक्ति और साधना को देखते हुए जन्म लिया। भगवान सर्वत्र व्याप्त है। प्रेम से पुकारने व सच्चे मन से सुमिरन करने पर भगवान कहीं भी प्रकट हो सकते है। भगवान राम के जन्म की व्याख्या करते हुए बताया कि सतकृपा के तप से भगवान ने राजा दशरथ व रानी कौशल्या के घर जन्म लिया। उन्होंने कहाकि दशरथ और दशानन, रामायण के दो अलग-अलग हैं। दशरथ को राजा दशरथ के रूप में जाना जाता है, जो अयोध्या के राजा और भगवान राम के पिता थे। दूसरी ओर, दशानन रावण का दूसरा नाम है, जो लंका का राजा था। दशानन शब्द का अर्थ है दस सिर वाला, जो रावण के दस सिरों का प्रतीक है। दशरथ इंद्रियों को नियंत्रित करने वाला व्यक्ति है, जबकि दशानन दस इंद्रियों को भोगों में उलझाने वाला व्यक्ति है। संत उद्धवदास महाराज ने कहाकि पृथ्वी पर निवास करने वाले प्रत्येक जीव सुख की तलाश में भटक रहा है, जिससे भी पूछो कि तुम्हे क्या चाहिए तो वह एक ही बात कहता है कि मुझे असीम सुख की तलाश है। सुख की प्राप्ति के लिए मनुष्य मन के वसीभूत हो आवश्यक रसों की खोज के लिए भौतिक संसाधनों का उपयोग करने में लगा हुआ है। भौतिक संसाधनों से हम मन के वशीभूत होकर क्षणिक सुख तो प्राप्त कर सकते हैं, किन्तु वास्तविक सुख प्रभु राम की भक्ति से ही प्राप्त होता है। भक्ति से प्राप्त सुख इतना मधुर होता है कि इसके आगे सभी नौरस फीके पड़ जाते हैं।



## मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से की जसपाल सिंह अरोरा ने मुलाकात, स्वागत किया



**सीहोर।** भाजपा के वरिष्ठ नेता, पूर्व जिला पंचायत एवं पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष जसपाल सिंह अरोरा ने आष्टा पहुंचकर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से मुलाकात की। इस दौरान उनका स्वागत, सत्कार भी किया। मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव आष्टा में आयोजित कार्यक्रम में शामिल होने के लिए पहुंचे थे। इस दौरान सीहोर के वरिष्ठ भाजपा नेता जसपाल सिंह अरोरा ने उनसे मुलाकात की। श्री अरोरा ने बताया कि मध्यप्रदेश में महिला सशक्तिकरण को लेकर कई महत्वाकांक्षी योजनाएं चल रही हैं। इन्हीं में से लाडली बहना योजना भी एक बेहद महत्वपूर्ण योजना साबित हुई है। इस योजना के माध्यम से महिलाओं को प्रतिमाह उनके खातों में राशि पहुंचाई जा रही है। यह योजना मध्यप्रदेश में शुरू हुई थी और अब स्थिति यह है कि देश के अन्य राज्यों में भी योजना को लागू किया जा रहा है। वरिष्ठ भाजपा नेता जसपाल सिंह अरोरा ने बताया कि देश जहां प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में लगातार तरक्की की राह पर अग्रसर है, तो वहीं मध्यप्रदेश में मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव मध्य प्रदेश को विकासशील राज्यों की श्रेणी में लाने के लिए दिन-रात मेहनत कर रहे हैं। इस मौके पर अरोरा मित्र मंडल के सदस्य एवं उनके समर्थक भी मौजूद रहे।

## कई राज्यों के दिग्गजों की रही उपस्थिति, नवदंपत्तियों को दिया आशीर्वाद

# समाजसेवी सुरेश गिरी के सेवा संकल्प से महका कन्या विवाह सम्मेलन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ब्यावरा-गांगाहोनी

समाज सेवा जब निस्वार्थ भाव से की जाए, तो वह न केवल मिसाल बनती है बल्कि समाज को नई दिशा भी प्रदान करती है। ऐसा ही कुछ नजारा हाल ही में आयोजित निःशुल्क कन्या विवाह सम्मेलन में देखने को मिला। समाजसेवी सुरेश गिरी द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम ने न केवल निर्धन परिवारों के चेहरों पर मुस्कान बिखेरी, बल्कि विभिन्न राज्यों से आए समाज के कर्णधारों को एक मंच पर ला खड़ा किया।







### चार जिलों और तीन राज्यों का अनूठा संगम

इस आयोजन की भव्यता का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि इसमें मध्यप्रदेश के गुना, शाजापुर, अशोकनगर और भोपाल के वरिष्ठ पदाधिकारियों ने शिरकत की। इतना ही नहीं, कार्यक्रम की ख्याति सात समंदर पार न सही, पर सरहदों के पार महाराष्ट्र और राजस्थान तक पहुंची, जहां से समाज के प्रदेश अध्यक्षों ने विशेष रूप से पहुंचकर अपनी उपस्थिति दर्ज कराई।

### सेवाभावी कार्यों की चौतरफा सराहना

सम्मेलन के दौरान मंच से बोलते हुए विभिन्न राज्यों के अध्यक्षों और वरिष्ठ पदाधिकारियों ने सुरेश गिरी के सेवाभावी व्यक्तित्व की मुक्त कंठ से प्रशंसा की। वक्ताओं ने कहा किः आज के दौर में निःशुल्क कन्या विवाह जैसे पुनीत कार्य का बीड़ा उठाना साहस और संवेदनशीलता का परिचायक है। सुरेश गिरी ने जो राह दिखाई है, वह समाज के लिए अनुकरणीय है।

### समाज को नई दिशा देने का आह्वान

कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों ने समाज के सभी समर्थ जनों से आग्रह किया कि वे सुरेश गिरी के इस 'नेक मिशन' से प्रेरणा लें। सभी ने एक स्वर में कहा कि यदि समाज का हर सक्षम व्यक्ति ऐसे कार्यों में आगे आए, तो सामाजिक कुरीतियों और आर्थिक बाधाओं को दूर कर समाज को एक नई और सकारात्मक दिशा दी जा सकती है।

### सफलतापूर्वक संपन्न हुआ आयोजन

पूरी तरह निःशुल्क रहे इस सामूहिक विवाह सम्मेलन में सभी व्यवस्थाएं चाक-चौबंद रहीं। आयोजन की सफलता ने यह साबित कर दिया कि सामूहिक प्रयासों और नेक इरादों से समाज के अंतिम छोर के व्यक्ति तक मदद पहुंचाई जा सकती है। कार्यक्रम के अंत में सुरेश गिरी ने सभी अतिथियों और सहयोगियों का आभार व्यक्त किया।

## नायब तहसीलदार ने किया निरीक्षण

# संकरे रेलवे अंडरब्रिज मामले में प्रशासन हरकत में आया



हरिभूमि न्यूज ▶▶कुरावर

**खबर का असर**

कांकरिया-कुरावर मार्ग पर निर्माणाधीन रेलवे अंडरब्रिज की संकरी चौड़ाई को लेकर प्रकाशित खबर का असर अब साफ दिखाई देने लगा है। 29 गांवों के ग्रामीणों की चिंता और विरोध के बाद प्रशासन सक्रिय हो गया है।

शनिवार को नायब तहसीलदार सुनीता सिंह ने मौके पर पहुंचकर अंडरब्रिज निर्माण स्थल का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने निर्माण कार्य की प्रगति और डिजाइन का बारीकी से अवलोकन किया तथा रेलवे विभाग के अधिकारियों से विस्तृत चर्चा की। निरीक्षण के दौरान यह बात सामने आई कि अंडरब्रिज की प्रस्तावित चौड़ाई लगभग 13 फीट होने के कारण बड़े वाहनों की आवाजाही में गंभीर बाधाएं उत्पन्न हो सकती हैं। ट्रैक्टर-ट्रॉली, हार्वेस्टर और मालवाहक वाहनों के निकलने में कठिनाई के साथ-साथ आमने-सामने वाहनों के क्रॉसिंग में भी समस्या बनी रहेगी, जिससे जाम और दुर्घटनाओं की आशंका बढ़ सकती है। ग्रामीणों द्वारा पूर्व में सौंपे गए ज्ञापन और संभावित समस्याओं को गंभीरता से लेते हुए नायब तहसीलदार ने रेलवे अधिकारियों को निर्देशित किया कि अंडरब्रिज की चौड़ाई और ऊंचाई बढ़ाने के विकल्पों पर तत्काल विचार किया जाए। साथ ही बरसात के दौरान जलभराव की समस्या को देखते हुए समुचित जल निकासी व्यवस्था सुनिश्चित करने के भी निर्देश दिए गए।

निरीक्षण के दौरान कई ग्रामीण भी मौके पर मौजूद रहे, जिन्होंने अपनी समस्याएं सीधे प्रशासन के सामने रखीं। प्रशासन की इस त्वरित कार्रवाई से क्षेत्रवासियों में उम्मीद जगी है कि जल्द ही अंडरब्रिज निर्माण में आवश्यक सुधार किए जाएंगे। हालांकि ग्रामीणों का कहना है कि जब तक ठोस निर्णय लेकर कार्य में बदलाव नहीं किया जाता, तब तक उनकी चिंता बनी रहेगी। फिलहाल सभी की नजर प्रशासन और रेलवे विभाग के अगले कदम पर टिकी हुई है।

# भीषण गर्मी में 8 दिनों से सूखे नल, वाटर सप्लाई कंपनी पर लापरवाही के आरोप

हरिभूमि न्यूज ▶▶कुरावर



नगर परिषद क्षेत्र के वार्ड क्रमांक 12 व 13 में पिछले 8 दिनों से नलों में पानी नहीं आने से रहवासियों की परेशानियां लगातार बढ़ती जा रही हैं। भीषण गर्मी के इस दौर में जल संकट ने हालात और गंभीर कर दिए हैं। वार्डवासियों का कहना है कि नियमित जल सप्लाई पूरी तरह ठप है, जिससे उन्हें रोजमर्रा की जरूरतों के लिए भी पानी जुटाना मुश्किल हो रहा है। लोग दूर-दराज के स्त्रोतों से पानी लाने को मजबूर हैं, वहीं कई परिवार महंगे दामों पर टैंकर मंगवाकर अपनी जरूरतें पूरी कर रहे हैं।

स्थानीय लोगों ने इस समस्या के लिए रिआन वाटर सप्लाई कंपनी पर लापरवाही का आरोप लगाया है। उनका कहना है कि कंपनी द्वारा समय पर जल आपूर्ति नहीं की जा रही है और शिकायतों के बावजूद स्थिति में कोई सुधार नहीं हो रहा है। इस संबंध में जब रिआन वाटर सप्लाई के प्रभारी दिवाकर शुक्ला से बात की गई तो उन्होंने बताया कि वार्ड क्रमांक 12 व 13 के तलेन रोड स्थित पुलिया के पास एक ट्रैक्टर-ट्रॉली पलटने से पाइपलाइन टूटकर क्षतिग्रस्त हो गई है। इसी कारण उस क्षेत्र की जल सप्लाई बाधित हुई है। उन्होंने आश्वासन दिया कि मरम्मत कार्य जारी है और सोमवार तक नल कनेक्शन पुनः चालू कर दिए जाएंगे। फिलहाल, भीषण गर्मी के बीच जल संकट से जूझ रहे वार्डवासियों को राहत मिलने का इंतजार है।

# हाईस्कूल भवन का लोकार्पण, ओंकारपुरा में बनेगा 25 लाख का सामुदायिक भवन

हरिभूमि न्यूज ▶▶नरसिंहगढ़

शनिवार को क्षेत्रीय विधायक मोहन शर्मा ने ग्राम मवासा में 1 करोड़ 47 लाख रुपये की लागत से निर्मित हाईस्कूल भवन का विधिवत फीता काटकर लोकार्पण किया।

इस अवसर पर उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार शिक्षा और ग्रामीण विकास के क्षेत्र में लगातार बड़े पैमाने पर कार्य कर रही है, जिससे गांवों की तस्वीर तेजी से बदल रही है। विधायक ने कार्यक्रम के दौरान ओंकारपुरा में 25 लाख रुपए की लागत से सामुदायिक भवन निर्माण कार्य का भूमिपूजन भी किया। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में बुनियादी सुविधाओं के विकास के लिए पर्याप्त राशि उपलब्ध कराई जा रही है और क्षेत्र में करोड़ों रुपये के निर्माण कार्य प्रगति पर हैं। कार्यक्रम में भाजपा नेता शिव वैध, जिला मंत्री सतेंद्र सिंह राठौड़, दिनेश दांगी, मंडल अध्यक्ष ब्रजमोहन गुर्जर, रवि मीणा, राकेश चावड़ा, जगदीश रुहेला, जसवंत चावड़ा सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता एवं ग्रामीणजन उपस्थित रहे। इस दौरान ग्रामवासियों ने जनप्रतिनिधियों का पुष्पमाला व साफा पहनाकर स्वागत किया।



# शिक्षक संघ ने टीईटी अनिवार्यता खत्म करने की मांग को लेकर सौंपा ज्ञापन



**सारंगपुर।** अध्यापक शिक्षक संयुक्त मोर्चा, ब्लॉक सारंगपुर द्वारा शिक्षकों से जुड़ी विभिन्न मांगों को लेकर मध्यप्रदेश शासन के नाम राज्य मंत्री गौतम टेटवाल एवं नायब तहसीलदार गोपाल सिंह चौहान को ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन के माध्यम से प्राथमिक एवं माध्यमिक शिक्षकों के लिए शिक्षक पात्रता परीक्षा टीईटी की अनिवार्यता समाप्त करने तथा पूर्व नियुक्त शिक्षकों को राहत देने की मांग की गई। ज्ञापन में बताया गया कि वर्ष 1997 से 2013 तक शिक्षा कर्मी, संविदा शिक्षक एवं गुरूजी के रूप में नियुक्त शिक्षकों ने वर्षों तक सेवाएं दी हैं। इसके बाद शासन द्वारा तय मापदंडों के अनुसार उन्हें नियमित शिक्षक के रूप में नियुक्त किया गया। वर्तमान में ये शिक्षक 20 से 28 वर्षों से शासकीय स्कूलों में कार्यरत हैं, ऐसे में उन पर टीईटी की अनिवार्यता लागू करना अनुचित है। संघ ने मांग की है कि वर्ष 2013 से पूर्व नियुक्त सभी शिक्षकों को टीईटी से पूर्णतः छूट दी जाए। साथ ही अनुकंपा नियुक्ति से आए शिक्षकों को भी उनके कार्यानुभव के आधार पर परीक्षा से राहत प्रदान की जाए। ज्ञापन में यह भी उल्लेख किया गया कि माननीय सर्वोच्च न्यायालय के निर्णयों के अनुसार सेवा शर्तों में बाद में बदलाव नहीं किया जा सकता, इसलिए शिक्षकों को राहत मिलना चाहिए। इसके अलावा वर्ष 2018 में जारी आदेशों में संशोधन कर वरिष्ठता का निर्धारण प्रथम नियुक्ति तिथि से किए जाने की मांग भी रखी गई। इस दौरान बड़ी संख्या में शिक्षक उपस्थित रहे और सामूहिक रूप से अपनी मांगों का समर्थन किया। ज्ञापन सौंपते हुए शिक्षकों ने चेतावनी दी कि यदि जल्द ही उनकी मांगों पर सकारात्मक निर्णय नहीं लिया गया, तो आंदोलन किया जाएगा। ज्ञापन देने वालों में अनिल पांडे,आरके राठौर,पूजा विजयवर्गीय, वैजन्ती चैरसिया, राखी सिंह, नीतू गुप्ता, सतीश विजयवर्गीय, कालूराम मालवीय, तारीख अंसारी सहित शिक्षक शिक्षिका मौजूद थे।

## अवैध उत्खनन मामले में सख्त कार्रवाई

# 15.37 लाख रु. की वसूली के लिए मशीनरी राजसात, होगी नीलामी

हरिभूमि न्यूज ▶▶विदिशा

कुरवाई तहसील अंतर्गत अवैध खनन के एक प्रकरण में पर कार्रवाई के आदेश जारी कर दिए हैं।

18 दिसम्बर 2019 को ग्राम विशनपुर तहसील कुरवाई में राजस्व, पुलिस एवं खनिज विभाग की टीम द्वारा अवैध उत्खनन एवं परिवहन के विरुद्ध कार्रवाई की गई थी। इस दौरान एक पोकलेन मशीन, एक नाव (पनडुब्बी), एक डंपर तथा अवैध रूप से उत्खनित रेत को जब्त किया गया था। कार्रवाई के बाद सारिका पत्नि रघुराज द्विवेदी निवासी बीना पर 15 लाख 37 हजार 500 रुपए का अर्थदंड लगाया गया, लेकिन संबंधित द्वारा राशि जमा नहीं की गई। कलेक्टर अंशुल गुप्ता द्वारा प्रकरण में गंभीरता से संज्ञान लेते हुए अर्थदंड की वसूली के लिए जब्त सामग्री एक पोकलेन, एक नाव एवं एक डंपर को राजसात करने का आदेश पारित किया है।

साथ ही उपखंड अधिकारी कुरवाई एवं जिला खनिज अधिकारी को निर्देशित किया गया है कि 7 दिवस के भीतर उक्त जब्त वाहनों एवं मशीनरी की विधिवत नीलामी प्रक्रिया पूर्ण कर बकाया अर्थदंड राशि की वसूली की जाए।

# महाविद्यालय में समता दिवस का किया आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶सारंगपुर



शासकीय महाविद्यालय में त्रैमासिक कैरियर कैलेंडर के अंतर्गत विद्यार्थियों को सामाजिक समता के अंतर्गत करियर सुलभ कराने के लिए शासन की योजनाओं की जानकारी करियर मार्गदर्शन प्रभारी डॉ. दीपिका जोशी द्वारा प्रदान की गई।

करियर प्राप्त करने व अपने लक्ष्य को प्राप्त करने में विद्यार्थियों को अनेक समस्याओं का सामना कैसे करना चाहिए उक्त बिंदु पर महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. ममता खोईया ने अपने विचार व्यक्त किए। साथ ही महाविद्यालय में निबंध लेखन प्रतियोगिता का आयोजन भी किया गया तथा वित्तीय संस्थानों, नाबार्ड और डीआईसी आदि से कैरियर मार्गदर्शन के लिए वीडियो का प्रदर्शन किया गया। इस कार्यक्रम का आभार डॉ. विमल लोदवाल द्वारा किया गया। इस कार्यक्रम में डॉ.फारूक पठान, डॉ. दीप्ति सिसोदिया, डॉ. संगीता गुप्ता ,डॉ. भाविक वोरा, डॉ. सुरेंद्र यादव व समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।

# एमबीबीएस की डिग्री हासिल कर कनिका ने बढ़ाया नगर का मान





हरिभूमि न्यूज ▶▶कुरावर

नगर के लिए गर्व और खुशी का विषय है कि सोमानी परिवार की सुपुत्री कनिका माहेश्वरी ने एमबीबीएस की डिग्री सफलतापूर्वक प्राप्त कर ली है। दीक्षांत समारोह में डिग्री हासिल करते हुए उन्होंने अपने परिवार, समाज और पूरे नगर का नाम रोशन किया। कनिका माहेश्वरी है पिता कपिल माहेश्वरी की इस उपलब्धि पर नगरवासियों में हर्ष का माहौल है। परिजनों और शुभचिंतकों ने उन्हें बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

नगरवासियों का कहना है कि कनिका की यह सफलता उनकी कड़ी मेहनत, लगन और समर्पण का परिणाम है, जो अन्य युवाओं के लिए प्रेरणा का स्त्रोत बनेगी। उन्होंने कठिन परिस्थितियों में भी निरंतर प्रयास करते हुए यह मुकाम हासिल किया है। नगर के गणमान्य नागरिक मनोज गोयल, राजेंद्र सोमानी, विजय सोमानी, डॉ. नवीन अग्रवाल, डॉ. नरेश कुमार गवली, राकेश महेश्वरी, सत्यनारायण महेश्वरी, राजेंद्र बाहती, बाला प्रसाद, घनश्याम गर्ग आदि ने भी कनिका को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि वे अपने ज्ञान और सेवाभाव से समाज की सेवा करेंगी तथा चिकित्सा क्षेत्र में नई ऊंचाइयों को छुएंगी। कनिका माहेश्वरी की इस उपलब्धि से न केवल उनके परिवार, बल्कि पूरे कुरावर नगर का गौरव बढ़ा है।

## समाज के शिक्षकों व अन्य कर्मचारियों का कार्यक्रम में किया सम्मान

# महात्मा फुले जयंती पर नगर में निकली शोभायात्रा का जगह-जगह हुआ स्वागत

हरिभूमि न्यूज ▶▶सारंगपुर

महात्मा फुले युवा मंच एवं फूल माली समाज के संयुक्त तत्वावधान में शनिवार को महात्मा ज्योतिबा फुले की 199 जयंती नगर में शोभा यात्रा निकाल कर एवं सम्मान समारोह आयोजित कर मनाई गई।

नगर के मध्य स्थित श्री अंबेमाता मंदिर में पुजा अर्चना कर महात्मा ज्योतिबा फुले की झांकी रथ में सजाकर ढोल धमाके के साथ शोभायात्रा प्रारंभ हुई शोभा यात्रा में तिरंगा ध्वज हाथ में लिए घोड़े पर सवार होकर अशोक पुष्पद सबसे आगे चल रहे थे। शोभायात्रा मुखर्जी चौक टेंशन चौराहा जोशी दवाखाना भेरू दरवाजा रोड नजीबाबाद स्कूल महाराणा प्रताप चौराहा बस स्टैंड से महात्मा ज्योतिबा फुले प्रतिमा स्थल पर पहुंचा। जहां अतिथियों द्वारा महात्मा फुले की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित कर महात्मा फुले को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। शोभायात्रा पुनः पुराने हाईवे थाने के सामने होते हुए बालाजी गार्डन पहुंची जहां शिक्षक एवं अन्य कर्मचारी सम्मान समारोह आयोजित किया गया।



इस दौरान समाज के शिक्षक शिक्षिकाओं तथा अन्य कर्मचारियों का प्रतीक चिन्ह तथा दुपट्टा पहना कर सम्मान किया गया कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राज्य मंत्री गौतम टेटवाल ने संबोधित करते हुए कहा कि महात्मा ज्योतिबा फूले दलितों एवं पिछड़ों के मसीहा थे, उन्होंने सत्यशोधक समाज की स्थापना की थी तथा, नारी शिक्षा व सामाजिक कुरीतियों के विरुद्ध अपना जीवन समर्पित करने वाले महान समाज सुधारक थे। कार्यक्रम को फूल माली महापंचायत प्रदेश प्रभारी नरेंद्र पुष्पद भाजपा मंडल अध्यक्ष महेश पुष्पद नगर पालिका उपाध्यक्ष भावना निलेश वर्मा प्रदीप सादानी फूल माली सोशल उत्थान समिति प्रदेश अध्यक्ष संतोष पुष्पद फूल माली महापंचायत प्रदेश महामंत्री दीपक पुष्पद परगना पंचायत जीरापुर खिलचीपुर अध्यक्ष अजय मालाकार हिंदू उत्सव समिति अध्यक्ष ध्रुव भल्ला पार्षद राकेश पुष्पद राधेश्याम बागवान सत्यानंद महाराज बबिता चोहान महात्मा फुले समता परिषद जिला अध्यक्ष मनोज पुष्पद सहित अन्य अतिथियों ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि महात्मा फूले ने सामाजिक बुराईयों को दूर करते हुए महिलाओ की शिक्षा पर जोर दिया शोभायात्रा प्रभारी प्रभारी जगदीश पुष्पद तलेनी तहसील समिति प्रभारी जगदीश पुष्पद पचोर वैभव पुष्पद अशोक पुष्पद खुशीलाल पुष्पद ने कार्यक्रम संयोजक महात्मा फुले क्षमता परिषद जिला अध्यक्ष मनोज पुष्पद ने सभी अतिथियों का साफा बांधकर तथा दुपट्टा पहनाकर स्वागत किया। इस दौरान विभिन्न संगठनों ने स्वागत किया।

संदीपनी स्कूल में आयोजित कार्यक्रम में हुए थे शामिल

# महिला पार्षदों को नहीं मिली मंच पर जगह, पार्षद ने पार्टी ने दिया त्यागपत्र

वार्ड 12 की पार्षद अनीता भट्ट और वार्ड 18 की पार्षद लता मुकाती के साथ बीजेपी की नगर मंडल मंत्री प्रिया खंडेलवाल भी नीचे बैठी हुई नजर आई थीं।

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा





महिलाओं के सम्मान की बात करने वाली बीजेपी की रविवार को एक कार्यक्रम के दौरान ऐसी तस्वीरें आई है जिससे उनकी पार्टी की कथनी और करनी में अंतर देखने को मिला। दरअसल आष्टा के संदीपनी स्कूल में आयोजित मुख्यमंत्री डॉक्टर मोहन यादव के कार्यक्रम में नगर की चुनी हुई जनप्रतिनिधियों के सम्मान का ध्यान उनकी ही पार्टी नहीं रख पाई। आपको बता दें कि आष्टा में सीएम के कार्यक्रम में नगर पालिका के वार्ड 12 से चुनी हुई महिला पार्षद अनीता भट्ट और वार्ड 18 की पार्षद लता मुकाती को मंच पर जगह नहीं मिली। इस दौरान दोनों महिला पार्षद मंच के सामने नीचे दर्शक और मीडिया दीर्घा में बैठने को मजबूर हुई।

लिहाजा मीडिया इन महिला जनप्रतिनिधियों में इस दौरान नाराजगी भी देखने को मिली। वहीं मीडिया से ऑफ कैमरे इन महिला नेताओं ने अपनी पीड़ा बताते हुए कहा कि मंच पर कई ऐसे लोगों को जगह दी गई है जो न जनप्रतिनिधि हैं और न भाजपा के कभी सक्रिय सदस्य रहे हैं। लेकिन शहर के वार्डों से चुनकर आईं महिला पार्षदों और सक्रिय महिला कार्यकर्ताओं को मंच पर स्थान न मिलना दुखद है। इस दौरान वार्ड 12 से पार्षद अनीता भट्ट ने उनके पति के साथ मंच पर जाने का प्रयास भी किया। लेकिन उन्हें सुरक्षा एजेंसियों ने मंच पर जाने की इजाजत नहीं दी। जिसके बाद पार्षद अनीता भट्ट के पति भविष्य कालू भट्ट ने अपने सोशल मीडिया एकाउंट फेसबुक पर पूरे घटनाक्रम का उल्लेख कर पार्टी से त्याग पत्र देने की घोषणा की। वहीं पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष के सामने इस्तीफा सौंपने की बात कही। वहीं अब पूरे नगर सहित आसपास के इलाकों में महिला पार्षदों के साथ किए गए व्यवहार की निंदा की जा रही है। सोशल मीडिया पर भड़ास निकाली जा रही है। आपको बता दें कि वार्ड 12 की पार्षद अनीता भट्ट और वार्ड 18 की पार्षद लता मुकाती के साथ बीजेपी की नगर मंडल मंत्री प्रिया खंडेलवाल भी नीचे बैठी हुई नजर आई थी।

## पूर्व पार्षद कालू भट्ट ने भी दिया इस्तीफा



भारतीय जनता पार्टी के गढ़ आष्टा में हड़कंप मच गया, दरअसल, पार्टी के लिए समर्पित नेता कालू भट्ट ने भाजपा से इस्तीफा देने की घोषणा कर दी। कालू भट्ट ने प्रशासन के शीर्ष अधिकारियों के व्यवहार और कार्यकर्ताओं के साथ हो रहे बर्ताव पर गहरा दुख जताते हुए पार्टी छोड़ने का मन बनाया है। वे कल भोपाल में प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खण्डेवाल से मुलाकात कर अपना औपचारिक इस्तीफा सौंपेंगे।

इस बात की जानकारी स्वयं कालू भट्ट ने अपने सोशल अकाउंट पर साझा की है। कालू भट्ट भाजपा के कोई साधारण कार्यकर्ता नहीं हैं। वे पूर्व पार्षद रहने के साथ-साथ संगठन में दो बार पूर्व जिला उपाध्यक्ष, तीन बार पूर्व जिला महामंत्री और पूर्व जिला संयोजक सांस्कृतिक प्रकोष्ठ जैसे महत्वपूर्ण पदों पर अपनी सेवाएं दे चुके हैं। उनकी पत्नी अनीता भट्ट भी वर्तमान में दूसरी बार की भाजपा पार्षद हैं। अधिकारियों के व्यवहार से हैं आहतभाजपा नेता कालू भट्ट ने सोशल मीडिया पर शेयर की पोस्ट में लिखा प्रशासनिक व्यवहार को जिम्मेदार ठहराया है। उन्होंने कहा मैं भाजपा का एक स्वाभिमानी कार्यकर्ता हूं। वर्तमान में आष्टा विधानसभा में कार्यकर्ताओं के साथ जो व्यवहार सरकारी तंत्र द्वारा किया जा रहा है, उससे मैं और अन्य निष्ठावान कार्यकर्ता काफी दुखी हैं। कालू भट्ट ने स्पष्ट किया है कि वे कार्यकर्ताओं के सम्मान से समझौता नहीं करेंगे। उन्होंने कहा कि कार्यकर्ताओं की पीड़ा को वे शीर्ष नेतृत्व तक पहुंचाएंगे और कल प्रदेश अध्यक्ष से मिलकर अपना इस्तीफा देंगे।

# गॉड ऑफ ऑनर के साथ पंचतत्व में विलीन हुए स्वतंत्रता सेनानी मीसाबंदी लीलाधर

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा



लंबे समय से बीमार चल रहे स्वतंत्रता संग्राम सेनानी मीसाबंदी लीलाधर वशिष्ठ का रविवार को अचानक सुबह करीब 12 बजे निधन हो गया। वह 84 वर्ष के थे।

इस दौरान तहसीलदार रामलाल पगारे ने स्वर्गीय लीलाधर वशिष्ठ को अंतिम विदाई देते हुए तिरंगे में लपेटकर राजकीय सम्मान किया। वही पुलिस ने गार्ड ऑफ ऑनर दिया। आपको बता दें कि यह सम्मान राज्य सरकारों के प्रोटोकॉल के तहत लोकतंत्र की रक्षा में सक्रिय रहे स्वतंत्रता सेनानियों को पुलिस द्वारा सलामी के रूप में दिया जाता है। इस दौरान तहसीलदार रामलाल पगारे ने स्वतंत्रता संग्राम सेनानी को दी जाने वाली 10 हजार रुपए की धनराशि उनके बड़े पुत्र सुनील कुमार को प्रदान की। इस दौरान विधायक गोपाल इंजिनियर भी मुक्तिधाम पहुंचे और और निधन पर शोक व्यक्त कर स्वर्गीय लीलाधर वशिष्ठ के पार्थिव शरीर पर साल उड़ाकर कर श्रद्धांजलि अर्पित की। इसके अलावा स्वतंत्रता संग्राम सेनानी को अंतिम विदाई देने के लिए बड़ी संख्या में लोग अंतिम यात्रा में शामिल हुए।

## नान एफएक्यू चना सोहागपुर विधानसभा से आकर पिपरिया में खरीदी



पिपरिया। जनपद पंचायत क्षेत्र की कृषि उपज मंडी के परिसर में समर्थन मूल्य पर चना मसूर तुअर की खरीदारी केंद्र सरकार कि योजना अनुसार मार्केटिंग सोसायटी के माध्यम से खरीदी गई है। लेकिन लगभग 300किंवटल की खरीदारी के बाद पोर्टल बंद हो गया था तो खरीदी बंद कर दी गई है। लेकिन अब पिपरिया मंडी में आकर सोहागपुर विधानसभा क्षेत्र से कोई राघवेन्द्र पटेल प्रबंधन के द्वारा समर्थन मूल्य पर चना खरीदी की जा रही है। इस विषय में राघवेन्द्र पटेल से चर्चा की तो बताया कि एनसीसी एफ कंपनी के द्वारा संबंधित खरीदी की जा रही है। सर्वेयर भी नियुक्त किया गया है। लेकिन मौके पर लगातार देखा गया कि नान एफएक्यू चना की खरीदारी की जा रही है। सर्वेयर के पास कोई मापदंड नहीं है। न कोई मशीन है जिसमें नमी, कचरा, टुटना, आदि कुछ भी नहीं है। 5800रुपे किवंटल निर्धारित कर बताई जा रही है। यहां पर लगभग सभी किसानों सोहागपुर विधानसभा क्षेत्र के आ रहे हैं। यही पर पंजीकृत करा सकते है। तथा तुरंत बाद तुलावटी हम्माल मजदूर तौल रहे हैं। किसानों को कोई सुविधा नहीं है। तुलावटी हम्माल मजदूर तौल अपने अनुसार कार्य कर रहे हैं। अनुविभागीय अधिकारी राजस्व आकिप खान ने बताया कि उनके लिए जानकारी नहीं है। पीने के लिए पानी तक नहीं है। राघवेन्द्र पटेल ने बताया कि सेवा सहकारी समिति के अनुसार ही खरीदी गई है।

# माखननगर में भी शिक्षकों ने जताया विरोध वरिष्ठता का लाभ दिए जाने की मांग की

हरिभूमि न्यूज ⏭ माखननगर



तहसील कार्यालय परिसर में शिक्षक संघ के बैनर तले ब्लॉक के सैकड़ों शिक्षक-शिक्षिकाओं ने एकजुट होकर अपनी विभिन्न मांगों को लेकर प्रदर्शन किया तथा तहसील प्रशासन को ज्ञापन सौंपा।

शिक्षक संघ के प्रतिनिधियों ने अपनी प्रमुख मांगों को रखते हुए कहा कि टीईटी निवार्यता समाप्त करो एवं "प्रथम नियुक्ति दिनांक से वरिष्ठता का लाभ दो" जैसे मुद्दे लंबे समय से लंबित हैं, जिनका शीघ्र समाधान किया जाना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने बताया कि TET की अनिवार्यता के कारण वर्षों से सेवाएं दे रहे शिक्षकों के भविष्य पर अनिश्चितता की स्थिति उत्पन्न हो रही है, जो न्यायोचित नहीं है।

ज्ञापन में उल्लेख किया गया कि पूर्व में नियुक्त शिक्षकों को नियमों एवं प्रावधानों के अनुरूप राहत प्रदान की जानी चाहिए, जिससे उनके अधिकारों की रक्षा हो सके। इस दौरान शिक्षक संघ के प्रमुख रूप से गजेंद्र बछले, अमित गौर, संतोष सोनी, संतोष मीणा, हेमराज तिवारी, डॉ. अमजद खान, रमन गोस्वामी, राजेश मालवीय, सुनीता तिवारी, मेहनीगार खान, रीता उपाध्याय, विनीता तिवारी, नीलू व्यास, रश्मि जायसवाल, तपस्या विश्वकर्मा सहित ब्लॉक के सैकड़ों शिक्षक-शिक्षिकाएं उपस्थित रहे। अंत में प्रतिनिधिमंडल द्वारा तहसील प्रशासन को ज्ञापन सौंपते हुए आशा व्यक्त की गई कि उनकी मांगों पर शीघ्र ही सकारात्मक कार्रवाई की जाएगी।

# अध्यापक शिक्षक संयुक्त मोर्चा ने मुख्यमंत्री के नाम नायब तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा

### शिक्षक पात्रता परीक्षा टीईटी की अनिवार्यता समाप्त करने की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ पिपरिया



जनपद पंचायत क्षेत्र सहित नगर पालिका परिषद क्षेत्र सहित अध्यापक शिक्षक संयुक्त तत्वावधान में ब्लाक अध्यक्ष ने साथियों के साथ नायाब तहसीलदार नीरज बैंस को ज्ञापन सौंपा गया।

ज्ञापन में बताया गया है कि सर्वोच्च न्यायालय के निर्णय के परिक्षेत्र में शिक्षक पात्रता परीक्षा टी ई टी की अनिवार्यता समाप्त कर एवं नियुक्ति दिनांक से सेवा अवधि की गणना करने के संबंध में प्रदेश सरकार के मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा गया। राष्ट्रीय अध्यापक शिक्षा परिषद की अधिसूचना दिनांक 10 अगसत 2010 कडिका के अनुसार 3सितंबर 2001 के पश्चात नियुक्त शिक्षक संविदा शाला के पूर्व नियुक्त शिक्षा कर्मियों वा संविदा शिक्षक शाला शिक्षक गुरुजी से संविदा शिक्षक के रूप में नियुक्त शिक्षक को पात्रता परीक्षा से छूट प्रदान करने

# इटारसी में शिक्षकों ने जताया विरोध, ज्ञापन सौंपा, की मांग



हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

अध्यापक शिक्षक संयुक्त मोर्चा, विकासखंड केसला ने मध्य प्रदेश शासन के मुख्यमंत्री के नाम एक ज्ञापन सौंपकर शिक्षक पात्रता परीक्षा की अनिवार्यता को समाप्त करने और प्रथम नियुक्ति दिनांक से सेवा अवधि की गणना करने की मांग की है। राज्य शिक्षक संघ एवं ट्राइबल टीचर एसोसिएशन नर्मदापुरम की महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष सुषमा मौर्य ने बताया कि शिक्षकों का कहना है कि प्रदेश के

## वैशाख मास में शिव के सिर पर गिर रही धारा

पिपरिया। जनपद पंचायत क्षेत्र के



सभी शिव मंदिर में तेज तापमान होने से बढ़ती हुई गर्मी के कारण भगवान शिव के सिर पर जल धारा प्रारंभ हो गई है। सभी शिव मंदिर में समितियों के द्वारा भक्तों के द्वारा भगवान शिव के सिर पर जल धारा प्रारंभ करने के लिए घड़ा भर कर पतली जल धारा प्रारंभ कर दी है। जिसमें की भगवान शिव को हलाहलपिने से जो गर्मी लगती है। उसके शांत करने हेतु लगातार यह हर मंदिर पुरे वैशाख मास में चलती है। गर्मी प्रारंभ होते ही भोले बाबा को शीतलता प्रदान करने की परंपरा है।जिसका शुभारंभ हो गया है।

# विविध जन समस्याओं को लेकर जन कल्याण समिति की बैठक 14 को

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर

जनकल्याण समिति द्वारा समय-समय पर जन समस्याओं के निराकरण एवं क्षेत्र विकास की संभावनाओं को लेकर जनता से संपर्क किया जाता है। अब सोहागपुर क्षेत्र की रेलवे सहित अन्य समस्याओं के निराकरणों को लेकर 14 अप्रैल को सोहागपुर जनकल्याण समिति द्वारा एक वृहद बैठक का आयोजन किया जा रहा है। समिति के अध्यक्ष राम निरंजन जायसवाल ने हरिभूमि प्रतिनिधि को बताया कि सोहागपुर क्षेत्र में जन विकास की बहुत संभावनाएं हैं। इन संभावनाओं पर जनता से विमर्श करने तथा समस्याओं की पूर्ति के लिए शांतिपूर्ण गतिविधि संचालक को लेकर एक बैठक की जाएगी। जायसवाल ने बताया सोहागपुर क्षेत्र के समस्त बुद्धिजीवियों से उन्होंने व्यक्तिगत भेंटकर बैठक में उपस्थिति का आग्रह किया है। उन्होंने क्षेत्र की जनता से निवेदन किया है कि बेठक में उपस्थित हों। यह बैठक भारतीय संविधान के निर्माता डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती 14 अप्रैल 2026 को रेलवे स्टेशन परिसर में टिकट विंडो के समीप स्थित शंकर भगवान के चबूतरे पर शाम लगभग 7 बजे की जाएगी।

# अब नगरवासियों को मिलेगा शुद्ध नर्मदा पेयजल

### पार्षद सभापति ईश्वरदास जमीदार की पहल रंग लाई , नर्मदा नल जल योजना का शत प्रतिशत कार्य पूरा

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिवनी मालवा



नगर के वार्ड क्रमांक 9 में बहुप्रतीक्षित नल-जल योजना का कार्य आखिरकार पूर्ण हो गया है। लंबे समय से पेयजल की समस्या से जूझ रहे वार्डवासियों के लिए यह खबर बड़ी राहत लेकर आई है। अब वार्ड के लोगों को जल्द ही नर्मदा का शुद्ध पेयजल सीधे घरों तक मिलने लगेगा। वार्ड के पार्षद सभापति ईश्वरदास जमींदार की लगातार कोशिशों और प्रयासों का यह सकारात्मक परिणाम माना जा रहा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि हमारे वार्ड पार्षद द्वारा इस योजना को लेकर लगातार न.पा अध्यक्ष और अधिकारियों से संपर्क बनाए रखा गया और कार्य में आ रही बाधाओं को दूर कराने में अहम भूमिका निभाई गई। पार्षद ईश्वरदास जमीदार ने जानकारी देते हुए बताया कि चुनाव में किए गए वादे अनुसार अपने वार्ड क्रमांक 9 में अरविंद गली राधा गली साई चौक गली ढीमर गली शिक्षक कॉलोनी शाहिद पटेल कॉलोनी सरदार वल्लभ भाई पटेल मांगलिक भवन मार्ग जो नर्मदा जल पाइपलाइन से रह गए थे उनमें अब नल-जल योजना के तहत पाइपलाइन बिछाने, कनेक्शन देने और जल सप्लाई की पूरी व्यवस्था का कार्य अब पूर्ण कर लिया गया है। वही नगर पालिका अध्यक्ष रितेश जैन की पहल के कारण नल कनेक्शन कार्य के दौरान सभी को रियायत दरों पर कनेक्शन प्रदान किया जा रहा हैं बहुत जल्द तकनीकी परीक्षण के बाद जल्द ही नियमित जल आपूर्ति शुरू कर दी जाएगी। इससे वार्ड के सैकड़ों परिवारों को सीधा लाभ मिलेगा। स्थानीय नागरिकों ने इस कार्य ओर उनकी सक्रियता के लिए पार्षद ईश्वरदास जमींदार का आभार जताया है।

## बीकोर में सड़क की नपती को लेकर मारपीट

माखननगर। बीकोर से मजलपुर रोड का निर्माण जिसकी नपती के लिए राजस्व विभाग के आर आई और पटवारी सड़क के लिए नपाई कर रहे थे तभी विजय सिंह राजपूत आया और कहने लगा यहां से रोड नहीं बनेगा दूसरी तरफ से रोड बनाओ और दूसरे तरफ खेत के मालिक संजय पुरोहित को गंदी गंदी गाली देने लगा संजय ने गाली देने से मना किया तो उसने फोन करके गांव से उमेश भू रा और गुल्लू को बुलाया चारों ने मुझे एवं मेरे बेटे मोहिल को डंडे से मारा जिससे हम दोनों को चोटे आई हैं पुलिस ने संजय पुरोहित की रिपोर्ट पर मामला दर्ज कर विवेचना में लिया।

### कॉलेज में रखे गए सकोरे

# सकोरों से सजी परिसर की शाखाएं

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिवनी मालवा




शासकीय कन्या महाविद्यालय, सिवनी मालवा में वनस्पति शास्त्र विभाग, इको क्लब एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के संयुक्त तत्वावधान में महाविद्यालय परिसर में एक सराहनीय एवं प्रेरणादायक पर्यावरणीय गतिविधि का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। यह आयोजन वर्तमान में बढ़ती भीषण गर्मी तथा उसके कारण पक्षियों एवं अन्य जीव-जंतुओं को होने वाली कठिनाइयों को ध्यान में रखते हुए किया गया।

गर्मी के तीव्र प्रभाव को देखते हुए छात्राओं ने अत्यंत उत्साह एवं जागरूकता का परिचय देते हुए "सकोरे" (मिट्टी के छोटे पात्र) महाविद्यालय परिसर के विभिन्न स्थानों पर पेड़-पौधों पर सावधानीपूर्वक लटकाए। इन सकोरों में स्वच्छ जल भरकर पक्षियों के लिए पेयजल की व्यवस्था सुनिश्चित की गई, जिससे उन्हें गर्मी से राहत मिल सके। इस पहल ने न केवल परिसर को जीवंत बनाया, बल्कि प्रकृति के प्रति मानवीय संवेदनाओं को भी उजागर किया। इस गतिविधि के माध्यम से छात्राओं में पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता, जीव-जंतुओं के प्रति करुणा तथा सामाजिक उत्तरदायित्व की भावना का विकास हुआ। छात्राओं ने स्वयं आगे बढ़कर इस कार्य में भाग लिया।

## ब्लॉक में कांग्रेस के 10 मंडल अध्यक्ष नियुक्त


माखन नगर। कांग्रेस पार्टी ने



संगठन को मजबूत करने के लिए ब्लॉक में मंडलम अध्यक्षों की नियुक्ति की है माखन नगर ब्लॉक में 10 मंडलम अध्यक्ष बनाए गए हैं जिसमें माखन नगर मंडलम अध्यक्ष की जवाबदारी शैलेंद्र जोशी को सौंपी गई है। झालौन, मंडलम में राजकुमार मकारे पटेल, जावली, निखिलेश सरयाम, बागरा, नरेंद्र मालवी, गुजरवाड़ा ,लक्ष्मी नारायण यादव, शिवपुर ,अजय दीवान, सांगा खेड़ा कला, बसंत पटेल, आरी, रामकिशन यादव, सांगा खेड़ा खुर्द, सुमन चौधरी, नसीराबाद, नवीन मुराड़िया, शैलेंद्र जोशी समेत सभी मंडलम अध्यक्षों की नियुक्ति पर कांग्रेसियों ने हर्ष व्यक्त करते हुए प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी जिला कांग्रेस अध्यक्ष शिवाकांत पांडे कांग्रेस नेता पुष्पराज पटेल का आभार प्रकट किया है।

# वाइल्ड लाइफ आर्टिकल्स, मामले में आरोपियों को मिली जमानत, मार्च 2026 के प्रथम सप्ताह में हुई थी कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर



सतपुड़ा टाइगर रिजर्व के बफर जोन में स्थित एक रिसोर्ट में मार्च 2026 के प्रथम सप्ताह में डिस्प्ले से वन्यजीवों के अवयव जप्त किये गए थे। वन विभाग ने प्रकरण में रिसोर्ट जनरल मैनेजर तथा नैचुरलिस्ट को आरोपी बनाया था। दोनों आरोपी न्यायिक हिरासत में थे। दोनों को जबलपुर हाईकोर्ट से जमानत मिली है। बचाव पक्ष के अधिवक्ता प्रतीक प्रभातचंद तिवारी सोहागपुर से प्राप्त जानकारी अनुसार हाईकोर्ट ने शुक्रवार 10 अप्रैल 2026 को आरोपियों फैज़ान अंसारी तथा निपुण कुमार मेहतो को जमानत दी है। जिसके बाद दोनों को पिपरिया उपजेल से रिलीज़ कराया गया है। अधिवक्ता प्रतीक प्रभातचंद तिवारी सोहागपुर के अनुसार न्यायमूर्ति रामकुमार चौबे की एकलपीठ ने वन्यजीव मामले में सुनवाई करते हुए वर्ल्ड लाइफ नेचुरलिस्ट फैजान अंसारी और जरनल मैनेजर निपुण कुमार महतो की जमानत याचिका स्वीकार कर ली है।

मामले के अनुसार सोहागपुर स्थित सतपुड़ा टाइगर रिजर्व क्षेत्र के फोर्सिथ रिजॉर्ट के एक कमरे से वन्यजीवों से संबंधित कुछ वस्तुएं, जिनमें हिरण के सींग, सांप की खाल और साही के कांटे वन विभाग ने बरामद किए गए थे। इस आधार पर वन विभाग ने वन्यजीव संरक्षण अधिनियम 1972 की विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज किया था। प्रतीक तिवारी ने बताया कि सुनवाई दौरान आवेदकों के अधिवक्ताओं ने तर्क दिया कि बरामद वस्तुएं अधिनियम में परिभाषित 'पशु वस्तु' की श्रेणी में नहीं आतीं और आवेदकों को झूठा फंसाया गया है। साथ ही यह भी कहा गया कि आवेदकों ने जांच में पूरा सहयोग किया है और उन्हें लंबे समय तक जेल में रखना उचित नहीं है। वहीं राज्य की ओर से प्रस्तुत पक्ष में कहा गया कि बरामद सामग्री 'ट्रॉफी' की श्रेणी में आती है, जिससे प्रथम दृष्टया अपराध बनता है और जमानत नहीं दी जानी चाहिए। दोनों पक्षों की दलीलें सुनकर न्यायालय ने दोनों आरोपियों को 50-50 हजार रुपये के निजी मुचलके और समान राशि के एक-एक जमानतदार पर रिहा करने के निर्देश दिए हैं। साथ ही उन्हें न्यायालय में निर्धारित तिथियों पर उपस्थित रहने एवं भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 के प्रावधानों का पालन करने के निर्देश भी दिए गए हैं।